**सं. डीएसआईआर/एमएस/2025/06**
**भारत सरकार**
**विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय**
**वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग**

**(भाग-।अवर्गीकृत)**

**विषय:मासिक सारांश (जून 2025 माह के लिए)**

**माह के दौरान प्रमुख उपलब्धियाँ**

**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)**

**विकसित नवीन उत्पाद/प्रक्रियाएँ/प्रौद्योगिकियाँ**

- **सीएसआईआर-सीबीआरआई**
  - निम्नांकित के लिए प्रौद्योगिकी विकसित की गई-
    - थर्मल इन्सुलेशन के लिए सेल्फ-कॉम्पैक्टिंग एयरक्रेट कम्पोजिट (एसएसी) रूफ/फ्लोर स्क्रीड (एसएसी-स्क्रीड) ।
    - सिंटर्ड लाइटवेट एग्रीगेट्स का उपयोग करके विशिष्ट शक्ति से युक्त सेल्फ कॉम्पैक्टिंग लोड बियरिंग लाइटवेट रूफ/फ्लोर स्क्रीड।
- **सीएसआईआर- सीएफटीआरआई**
  - इंकैप्सुलेटेड प्राकृतिक रंग (बीट कंसेंट्रेट) पाउडर के लिए विकसित प्रक्रिया ।
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
  - निम्नांकित के लिए प्रक्रिया विकसित की गई-
    - निम्न तापमान वाली सेब किस्मों में सात सेब वायरस और वायरस जैसे रोगजनकों का एक साथ पता लगाने के लिए सिंगल ट्यूब मल्टीप्लेक्स आरटी-पीसीआर परख ।
    - पोडोफाइलम हेक्सेन्ड्रम रॉयल में बीज अंकुरण दर और शीघ्र बीज अंकुरण को बढ़ाने के लिए एंडोफाइट आधारित माइक्रोबियल फॉर्मूलेशन तैयार किया गया ।
    - पौधे के अर्क से शुद्ध क्रिस्टलीय एटिसीनियम क्लोराइड (गुआनफू बेस H) की प्राप्ति विकसित की गई ।
- **सीएसआईआर- एनआईआईएसटी**
  - खाद्य पैकेजिंग के लिए टिकाऊ पैकेजिंग सामग्री के निर्माण हेतु प्रौद्योगिकी विकसित की गई । (पीईटी बोतलें)
- **सीएसआईआर-एनपीएल**
  - पोर्टेबल एनेकोइक चैंबर के साथ शोर मापने वाले उपकरणों के लिए फ्री-फील्ड अंशांकन प्रणाली हेतु प्रौद्योगिकी विकसित की गई ।

**लाइसेंसीकृत/हस्तांतरित प्रौद्योगिकियाँ**

- **सीएसआईआर-सीईईआरआई**
  - दिनांक 17/06/2025 को विशाल फार्मास्युटिकल्स लैबोरेटरीज, इंदौर, एमपी को एआई-असिस्टेड डिजिटल वॉटर टेस्टिंग किट हेतु प्रौद्योगिकी हस्तांतरित की गई ।
- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**
  - निम्नांकित के लिए प्रौद्योगिकियां विकसित की गईं-

        - फ्रक्टो-ऑलिगोसेकेराइड्स (एफओएस) का माइक्रोबियल उत्पादन - सिरप और पाउडर को मेसर्स कोरलाइफ होलफूड्स प्राइवेट लिमिटेड, द मेट्रोपॉलिटन कॉन्डोमिनियम, पुणे को हस्तांतरित किया गया ।
        - वाइब्रो फ्लूइडाइज्ड बेड रोस्टर को मेसर्स तरणी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद को हस्तांतरित किया गया ।
- **सीएसआईआर-सीजीसीआरआई**
    - **दिनांक** 25/06/2025 को मेसर्स सनब्राइट फोम इंडस्ट्रीज को हल्के वजन वाले पोरस ग्लास फोम ईंटों के लिए प्रौद्योगिकी **हस्तांतरित की गई ।**
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
    - स्वचालित वाहन गणना और वर्गीकरण प्रणाली (एवीसीसी) सॉफ्टवेयर के लिए प्रौद्योगिकी 23/06/2025 को मेसर्स कोएक्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद, तेलंगाना को हस्तांतरित की गई ।
- **सीएसआईआर-सीएसआईओ**
    - निम्नांकित के लिए प्रौद्योगिकियां विकसित की गईं-
        - दिनांक 13/06/2025 को ग्रामीण परिवेश में गुणवत्ता, मात्रा और नियमितता तक पहुंचने के लिए जल सेवा वितरण प्रबंधन और मॉनीटरिंग सूट को मेसर्स बायोमिमिक्री टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली को हस्तांतरित किया गया ।
        - दिनांक 13/06/2025 को एवस्कुलर नेक्रोसिस एवीएन इम्प्लांट मेसर्स सिप्ला लिमिटेड, मुंबई को हस्तांतरित किया गया ।
- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**
    - निम्नांकित के लिए प्रौद्योगिकियां विकसित की गईं-
        - नवीन विधियों का उपयोग करके खारे पानी की वाष्पीकरण की दर को बढ़ाकर सौर नमक की पैदावार बढ़ाने के लिए एकीकृत प्रणाली मेसर्स टाटा केमिकल्स लिमिटेड और गुजरात हेवी केमिकल लिमिटेड (जीएचसीएल) को हस्तांतरित की गई ।
        - सैलिकोर्निया ब्राकियाटा से सलोनी का उत्पादन सीशोर कल्टीवेशन एंड हैबिटेट एलएलपी को हस्तांतरित किया गया ।
        - *कप्पाफाइकस अल्वारेज़ी सैप*, मूल कच्चे माल के रूप में समुद्री शैवाल से इसके उत्पादन की विधि और इसका अनुप्रयोग मेसर्स अगस्त्य मरीन प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित किया गया ।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
    - निम्नांकित के लिए प्रौद्योगिकियां विकसित की गईं-
        - घरों के लिए मॉड्यूलर ग्रेवाटर ट्रीटमेंट और रीयूज़ प्रणाली को वी-टेक इंस्ट्रूमेंटेशन (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, तिरुवनंतपुरम को हस्तांतरित किया गया ।
        - मूल्य वर्धित खाद्य उत्पाद को सबरी एग्रो फूड प्रोडक्ट्स, पठानमथिट्टा को हस्तांतरित किया गया ।
        - वनस्पति संसाधनों (वीगन लेदर) से चमड़े के विकल्प का निर्माण, नॉर्थ ईस्ट सेंटर फॉर टेक्नोलॉजी एप्लीकेशन एंड रीच (एनईसीटीएआर) को हस्तांतरित किया गया ।
- **सीएसआईआर-एनएमएल**
    - $MnSO_4$ सॉल्यूशन से इलेक्ट्रोलाइटिक मैंगनीज धातु (ईएमएम) के लिए प्रौद्योगिकी मेसर्स सारथी एरोस्पेस एंड डिफेंस प्राइवेट को हस्तांतरित की गई ।

**प्रारम्भ की गई नवीन परियोजनाओं की संख्या**

| प्रयोगशाला/संस्थान | सीएसआईआर | मंत्रालय/सरकार/पीएसयू | उद्योग/प्रायोजित/ निजी |
|---|---|---|---|
| सीएसआईआर-एएमपीआरआई | 01 | शून्य | 02 |
| सीएसआईआर-सीबीआरआई | शून्य | 05 | 11 |
| सीएसआईआर-सीसीएमबी | शून्य | शून्य | 04 |
| सीएसआईआर-सीडीआरआई | 01 | 02 | शून्य |
| सीएसआईआर-सीईईआरआई | 04 | 04 | शून्य |
| सीएसआईआर-सीएलआरआई | शून्य | 02 | शून्य |
| सीएसआईआर-सीआरआरआई | शून्य | 05 | शून्य |
| सीएसआईआर-सीएफटीआरआई | 02 | 01 | 01 |
| सीएसआईआर-सीजीसीआरआई | 03 | शून्य | शून्य |
| सीएसआईआर-सीआईएमएपी | शून्य | 01 | शून्य |
| सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई | शून्य | 01 | 01 |
| सीएसआईआर-आईएचबीटी | 04 | 02 | शून्य |
| सीएसआईआर-आईआईसीटी | 02 | 11 | 04 |
| सीएसआईआर-आईआईआईएम | शून्य | शून्य | 01 |
| सीएसआईआर-आईआईपी | शून्य | 01 | शून्य |
| सीएसआईआर-आईआईटीआर | शून्य | शून्य | 01 |
| सीएसआईआर-एनएएल | 05 | 06 | 01 |
| सीएसआईआर-एनसीएल | शून्य | शून्य | 09 |
| सीएसआईआर-नीरी | शून्य | 04 | 03 |
| सीएसआईआर-एनआईआईएसटी | शून्य | 01 | शून्य |
| सीएसआईआर-एनपीएल | शून्य | शून्य | 01 |
| सीएसआईआर-एसईआरसी | 03 | 03 | 01 |

**पीएचडी में प्रवेश लेने/पूरा करने वाले स्कॉलरों की संख्या (01/06/25-30/06/25)**

| **प्रयोगशाला/संस्थान** | **पूरा करने वाले** |
|---|---|
| सीएसआईआर-एएमपीआरआई | 03 |
| सीएसआईआर-सीडीआरआई | 11 |
| सीएसआईआर-सीईईआरआई | 01 |
| सीएसआईआर-सीएफटीआरआई | 06 |
| सीएसआईआर-सीजीसीआरआई | 02 |
| सीएसआईआर-सीआईएमएपी | 02 |

| | |
|---|---|
| सीएसआईआर-सीएलआरआई | 01 |
| सीएसआईआर-सीएसआईओ | 02 |
| सीएसआईआर-आईएचबीटी | 03 |
| सीएसआईआर-आईआईसीबी | 01 |
| सीएसआईआर-आईआईसीटी | 02 |
| सीएसआईआर-आईआईआईएम | 04 |
| सीएसआईआर-आईआईपी | 01 |
| सीएसआईआर-आईआईटीआर | 03 |
| सीएसआईआर-एनसीएल | 03 |
| सीएसआईआर-नीरी | 01 |
| सीएसआईआर-एनजीआरआई | 01 |
| सीएसआईआर-एनआईआईएसटी | 02 |
| सीएसआईओ-एनपीएल | 02 |

**हस्ताक्षरित राष्ट्रीय सहयोग/समझौते/समझौता ज्ञापन**

- **सीएसआईआर-सीबीआरआई**
  - एनआईटी उत्तराखंड परिसर में अवसंरचना सुविधाओं के निर्माण और विकास के कार्य के लिए तृतीय पक्ष गुणवत्ता आश्वासन सेवाओं (टीपीक्यूएएस) हेतु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, उत्तराखंड के साथ एमोए पर हस्ताक्षर किए गए ।
  - टिकाऊ निर्माण सामग्री, निर्माण पद्धति और नई एवं उभरती निर्माण प्रौद्योगिकियों के अनुसंधान एवं विकास हेतु सीपीडब्ल्यूडी, नई दिल्ली के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ।
- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
  - निम्नांकित के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए-
    - संस्थागत संपर्क को बढ़ावा देने के लिए दिनांक 27/05/2025 को संबलपुर विश्वविद्यालय, ओडिशा के साथ ।
    - संस्थागत संपर्क को बढ़ावा देने के लिए दिनांक 10/06/2025 को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे, मुंबई के साथ ।
- **सीएसआईआर-सीईईआरआई**
  - संस्थागत सहयोग के लिए विशाल फार्मास्युटिकल्स लैबोरेटरीज, इंदौर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ।
- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**
  - शैक्षणिक और तकनीकी सहयोग के लिए दिनांक 23/06/2025 को सत्य साईं इंस्टिट्यूट ऑफ हाइयर लर्निंग, डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी, पुट्टपर्थी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ।
- **सीएसआईआर-सीआईएमएपी**
  - हर्बल उत्पादों/एरोमैटिक फ्लोर क्लीनर (क्लीन जर्म) के निर्माण हेतु दिनांक 17/06/2025 को मेसर्स प्योर रूट एलिक्सिर्स एलएलपी, कानपुर के साथ करार पर हस्ताक्षर किए गए ।
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
  - निम्नांकित के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए-
    - शहरी सड़कों के पक्के किए जाने और हरितकरण के लिए मानक फ्रेमवर्क के कार्यान्वयन के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम), नई दिल्ली और स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, (एसपीए) नई दिल्ली के बीच दिनांक 10/06/2025 को बैठक सम्पन्न हुई ।

        - शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग के लिए दिनांक 16/06/2025 को वल्लुरुपल्ली नागेश्वर राव विज्ञान ज्योति इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (वीएनआर, वीजेआईईटी), हैदराबाद के साथ ।

- **सीएसआईआर-सीएसआईओ**
    - दिनांक 27/06/2025 को आईसीएआर भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ।
- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**
    - निम्नांकित के साथ करार पर हस्ताक्षर किए गए-
        - इलेक्ट्रोडायलिसिस द्वारा अपशिष्ट जल उपचार की व्यवहार्यता अध्ययन के लिए दिनांक 25/06/2025 को लोहुम क्लीन टेक प्राइवेट लिमिटेड के साथ ।
        - सैलिकोर्निया ब्रैकिएट से सलोनी के उत्पादन के लिए दिनांक 19/06/2025 को सीशोर कल्टीवेशन एंड हैबिटेट एलएलपी के साथ ।
        - कप्पाफाइकस अल्वारेज़ी सैप**,** मूल कच्चे माल के रूप में समुद्री शैवाल से इसके उत्पादन की विधि और इसके अनुप्रयोग के लिए दिनांक 19/06/2025 को मेसर्स अगस्त्य मरीन प्राइवेट लिमिटेड के साथ ।
        - बिटर्न से मूल्यवर्धित रसायनों (जैसे पोटाश, मैग्नीशियम लवण और ब्रोमीन) की प्राप्ति पर अन्वेषणात्मक अध्ययन के लिए दिनांक 25/06/2025 को तमिलनाडु नमक निगम के साथ ।
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
    - हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा उसकी की सुविधाएं और सेवा  प्रदान किए जाने के सम्बन्ध में दिनांक 16/06/2025 को हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम लिमिटेड, रिट्ज, एनेक्सी, शिमला के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ।
- **सीएसआईआर-आईआईसीबी**
    - 20/06/2025 को ट्रोफोब्लास्ट स्टेम सेल डिफरेंशिएशन में लंबे गैर-कोडिंग वाले आरएनए सिग्नेचर एवं  प्रकार्य के लिए डीबीटी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ।
- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
    - सहयोगात्मक अनुसंधान और शैक्षणिक बातचीत के लिए दिनांक 12/06/2025 को आईसीएफआरई-इंस्टिट्यूट ऑफ फॉरेस्ट बायोडाइवर्सिटी, हैदराबाद के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ।
- **सीएसआईआर-आईआईआईएम**
    - एएनबी से संबंधित अनुसंधान सहयोग के लिए आईबीएसडी इम्फाल के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ।
- **सीएसआईआर-एनएएल**
    - इपॉक्सी रेजिन के साथ सीएसआईआर-एनएएल के कार्बन फाइबर के उन्नत अभिलक्षणन हेतु आईआईटी तिरुपति के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ।
    - भाग लेने वाली प्रयोगशालाओं की भूमिका और जिम्मेदारियों को परिभाषित करने, आर्थोपेडिक अनुप्रयोगों के लिए एनआईटीआई शेप मेमोरी एलॉय (एसएमए) स्टेपल्स के विकास से संबंधित मॉनीटरिंग एवं अन्य मामलों को भी शामिल करने के लिए डीबीटी, नई दिल्ली के साथ एमओए पर हस्ताक्षर किए गए ।
- **सीएसआईआर-एनसीएल**
    - निम्नांकित के साथ करार पर हस्ताक्षर किए गए-

- बैच और फ्लो में एक कुशल क्लोरीनीकरण अभिकर्मक के रूप में अपशिष्ट पीवीडीसी/पीवीसी का उपयोग करके कार्बनिक अणुओं के विद्युत रासायनिक क्लोरीनीकरण के लिए अश्वत्ता सस्टेनेबिलिटी वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ।
- प्रीडॉमीनेंट मेथनॉल के साथ C1-ऑक्सीजनेट्स में कृत्रिम संश्लेषण के लिए टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स लिमिटेड के साथ।

- **सीएसआईआर-एनईईआरई**
  - निम्नांकित के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए-
    - सहयोगात्मक अनुसंधान को बढ़ावा दिए जाने हेतु इंदिरा गांधी गवर्मेंट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, नागपुर (आईजीजीएमसीएच) के साथ।
    - सहयोगात्मक अनुसंधान को बढ़ावा दिए जाने हेतु भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद (आईआईटी-एच) के साथ।
  - बानेर-पुणे में खाद्य अपशिष्ट कर्दम संयंत्र की पर्यावरणीय लेखापरीक्षा नामक परियोजना के लिए पुणे नगर निगम के साथ एमओए पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
  - निम्नांकित के साथ करार पर हस्ताक्षर किए गए-
    - इंडेंट की रणनीतिक संयुक्त घोषणा (जेडीआई) के लिए जीआईजेड (डच गेसेलशाफ्ट फ्र इंटरनेशनेल जुसामेनरबीट) भारत के साथ।
    - अनुसंधान सहयोग के लिए शिव नादर विश्वविद्यालय, चेंगलपट्टू, तमिलनाडु के साथ।
    - अनुसंधान सहयोग के लिए कोडागु विश्वविद्यालय, कोडागु, कर्नाटक के साथ।
  - रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता: अत्याधुनिक निदान तकनीक के वैधीकरण द्वारा रक्त के नमूनों से कैंसर का शीघ्र पता लगाने के लिए टाटा एलेक्सी लिमिटेड, बैंगलोर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- **सीएसआईआर-एनएमएल**
  - निम्नांकित के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए-
    - कोयला और गैर-कोयला नमूनों के रासायनिक और खनिज विश्लेषण के लिए सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिज़ाइन इंस्टिट्यूट लिमिटेड, रांची के साथ।
    - $MnSO_4$ सॉल्यूशन से इलेक्ट्रोलाइटिक मैंगनीज मेटल (ईएमएम) के उत्पादन के लिए सारथी एरोस्पेस एंड डिफेंस प्राइवेट लिमिटेड, हरियाणा के साथ।
    - ऑटोमेटिव व्हील अनुप्रयोग के लिए आशोधित A356 मिश्र धातु के विकास हेतु वेदांता प्राइवेट लिमिटेड के साथ।
    - कोयला और रेफरी कोयला नमूनों के विश्लेषण के लिए एनएसपेक्टोरेट ग्रिफिथ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, कोलकाता के साथ।

## हस्ताक्षरित अंतर्राष्ट्रीय सहयोग/करार /समझौता ज्ञापन

- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**
  - **दिनांक** 09/06/2025 को पंगासिनन स्टेट यूनिवर्सिटी, पंगासिनन - फिलीपींस के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

## पेटेंट अपडेट

| फाइल किए गए पेटेंट | | | प्रदत्त पेटेंट | | | पेटेंट अभियोजन | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | विदेश* (विशिष्ट पेटेंट | विदेश (एकाधिक | भारत | विदेश* (विशिष्ट पेटेंट | विदेश (एकाधिक | भारत | विदेश* |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | आवेदन) | देश) * | | आवेदन) | देश) * | | |
| 28 | 19 | 25 | 03 | 03 | 03 | 06 | 156 |

| | |
|---|---|
| फाइल किए गए कॉपीराइट आवेदनों की संख्या | 08 |
| फाइल किए गए डिज़ाइन आवेदनों की संख्या | 05 |
| फाइल किए गए ट्रेडमार्क आवेदनों की संख्या | 01 |

* यह आईपीयू को जून माह 2025 के दौरान रिपोर्ट किया गया डेटा है और बाद में राष्ट्रीय चरण प्रविष्टियों के दौरान इसमें बदलाव हो सकता है । फाइल किए गए/प्रदत्त विशिष्ट पेटेंट अगले माह में भी प्रदर्शित हो सकते हैं यदि संबंधित माह में इसके अनुरूप आवेदन फाइल/प्रदत्त किया गया हो ।

**उच्च प्रभाव वाली विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सेवाएं**

- **सीएसआईआर-सीसीएमबी**
  - 317 नमूनों वाले 293 परिवारों के लिए आणविक नैदानिक सेवाएं प्रदान की गईं ।
- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
  - जून 2025 के दौरान एक एमएसएमई को विश्लेषणात्मक सेवाएं प्रदान की गईं ।
  - अनुसंधान प्रयोजनों के लिए बाह्य अनुसंधान संगठनों को 68 प्रायोगिक पशु उपलब्ध कराए गए ।
  - आईआर (इन्फ्रारेड), मास, एनएमआर (न्यूक्लियर मैग्नेटिक रेजोनेंस) और ईएम (इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी) द्वारा नमूनों के विश्लेषण हेतु सेवा प्रदान की गई; 317 बाह्य नमूनों का विश्लेषण किया गया ।
- **सीएसआईआर-सीएमईआरआई**
  - ईसीएल में खोट्टाडीह पीआईटी 2 में मध्य शाफ्ट लैंडिंग के अंतर्गत मामलों के स्थिरीकरण के लिए सर्वेक्षण, डेटा संग्रह और योजना प्रदान किया जाना ।
  - सीटीपीएस, डीवीसी, चंद्रपुरा (यूनिट # 7) के बॉयलर और सहायक उपकरणों का आरएलए अध्ययन ।
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
  - एनएचएआई के लिए ईपीसी मोड पर उत्तर प्रदेश राज्य में एनएच-731 (पुराना एनएच-56) के साथ जगदीशपुर बाईपास की 4.1 किमी ओवरलैपिंग लेंथ को छोड़कर, जगदीशपुर बाईपास सहित एनएच-330ए के रायबरेली-जगदीशपुर खंड के 0.000 किमी से 47.800 किमी (डिजाइन लेंथ-46.02 किमी) तक दो/चार लेनिंग पर 03+250 किमी पर मौजूदा छोटे पुल का स्ट्रक्चरल हेल्थ असेस्मेंट ।
  - एनएचएआई के लिए हरियाणा के नारनौल के निकट तीन स्थलों (i) नारनौल बाईपास क्रॉसिंग से पनियाला मोड़ (एनएच-148बी), (ii) निजामपुर लिंक रोड और (iii) नारनौल बाईपास क्रॉसिंग से पचेरी कलां (एनएच-11) के लिए जल भराव की समस्याओं का आकलन और उपयुक्त शमन उपायों हेतु सिफारिशें ।
  - हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिए गोला-वाराणसी राजमार्ग, मुरी, झारखंड के साथ बांध के निर्माण में लाल मिट्टी का उपयोग ।
  - त्रिपुरा राज्य में एनएच-208 (पैकेज-v) के श्रीरामपुर से खोवाई खंड (चेनेज 75.700 किमी से 101.300 किमी) की विफलता की जांच और राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड के लिए इसके उपचारात्मक उपाय ।
  - मिजोरम राज्य में आइजोल-थेनजोल-लुंगलेई सड़क का मूल्यांकन, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), मिजोरम के लिए सुदृढ़ीकरण आवश्यकताओं की सिफारिश करना ।
  - एनएचएआई, मेरठ के लिए भारतमाला परियोजना के तहत हाइब्रिड एन्युइटी मोड पर उत्तर प्रदेश राज्य में डिजाइन चैनल-39.250 किमी (मौजूदा चेनेज 39/240) से 39.560 किमी की डिजाइन

लेंथ वाले डिजाइन चैनल 78.810 किमी तक एनएच-119 (नवीन एनएच-34) के बहसूमा-बिजनौर खंड को 4-लेन बनाने के लिए निर्माण अवधि के दौरान संरचनाओं का थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट ।

- **सीएसआईआर-आईआईपी**
  - मेसर्स टोटल एनर्जी के लिए स्नेहन तेल (ल्युब्रिकेटिंग ऑयल) की एयर रिलीज़ वेल्यू और ऊष्मीय स्थिरता का प्रायोगिक मूल्यांकन किया गया ।
  - ईआईएल/आईओसी डिगबोई रिफाइनरी द्वारा प्रायोजित पुनरुद्धार अध्ययन में मौजूदा विलायक डीऑइलिंग इकाई के क्रिस्टलाइज़र की डिजाइन जांच के लिए पीडब्ल्यूडी स्ट्रीम पर डीऑइलिंग रन का प्रदर्शन किया गया ।
- **सीएसआईआर-आईआईटीआर**
  - पॉली हर्बल बेस में ग्रीन आयरन नैनो कणों का सुरक्षा/विषाक्तता मूल्यांकन किया गया - यह परियोजना कदम्बा इंट्राक प्राइवेट लिमिटेड, बैंगलोर द्वारा प्रायोजित है ।
- **सीएसआईआर-एनएएल**
  - मानव पोर्टेबल निर्देशित मिसाइल अनुप्रयोगों के लिए NiTi शेप मेमोरी एलॉय नियंत्रण सतहों का विकास, एआर और डीबी ।
  - क्लाउड रडार के लिए ka बैंड 4.2 मीटर ग्राउंड आधारित रेडोम का स्वदेशी डिजाइन और विकास, आरडीए, इस्ट्रैक, इसरो ।
  - पायलट-इन-लूप प्रभावों को एकीकृत करते हुए तेजस का बेली लैंडिंग विश्लेषण, एडीए ।
  - एलसीए एमके2 विमान की आवश्यकताओं के अनुरूप एलसीए एमके1ए लड़ाकू फिन असेंबली में परिवर्तन/संशोधन, एडीए ।
  - 1.2 मीटर वात सुरंग में बल और क्षण माप के लिए मौजूदा एचएफ 25 मॉडल के साथ रेट्रोफिटेड/असेम्बल किए जाने वाले संबद्ध मॉडल घटकों और सहायक प्रणालियों के साथ लीडिंग एज एक्सटेंशन (एलईएक्स) का डिजाइन और निर्माण, एचएएल ।
  - वाइज़ किरन (WISE KIRAN) का डिजाइन और विकास - टिकाऊ थर्मोइलेक्ट्रिक अनुप्रयोगों के लिए डबल पेरोव्स्काइट ऑक्साइड, डीएसटी ।
- **सीएसआईआर-एनसीएल**
  - 1000 माइक्रोबियल स्ट्रेन की आपूर्ति की गई तथा उद्योगों और शिक्षा जगत को अभिनिर्धारण सेवाएं प्रदान की गईं ।
- **सीएसआईआर-एनईईआरआई**
  - दिल्ली एनसीआर में गंगा और यमुना नदी के मुख्य भाग में अत्यधिक प्रदूषणकारी उद्योगों (जीपीआई) का निरीक्षण (वर्ष 2025-26) ।
  - बांस विविधता का उपयोग करके फ्लाई ऐश डंप साइट के आसपास धूल शमन हेतु पर्यावरण अनुकूल बेल्ट का विकास ।
- **सीएसआईआर-एनएमएल**
  - नाल्को, हिंडाल्को, वेदांता के लिए धातु मूल्यों के निष्कर्षण और अवशेष उपयोग के लिए लाल मिट्टी के समग्र उपयोग हेतु प्रौद्योगिकी विकास;
  - गैस टरबाइन अनुसंधान प्रतिष्ठान के लिए उच्च तापमान पर प्रिलीमिनरी फटीग क्रैक ग्रोथ रेट और फ्रैक्चर टफनेस परीक्षण ।
  - रेफोस्टील इंस्ट्रूमेंट्स के लिए जीआई लाइन में जिंक कोटिंग भार माप हेतु सेंसिंग डिवाइस जिंकोमीटर का प्रौद्योगिकी हस्तांतरण ।
  - वेदांता के लिए हाई टेम्प्रेचर लो सैग वाली Al-मिश्र धातु कंडक्टर का विकास ।
- **सीएसआईआर-एनपीएल**
  - इसरो-इस्ट्रैक को समय एवं आवृत्ति ट्रेसेबिलिटी प्रदान की गई ।

- **सीएसआईआर-एसईआरसी**
  - हॉक विमान, स्वदेशीकरण अनुभाग, वायु सेना स्टेशन ओझर, नासिक के धुएँ के निष्कासन के लिए ईंधन टैंक पर स्लॉश और कंपन अध्ययन किया गया ।

**आउटरीच कार्यकलाप**

- **सीएसआईआर-एएमपीआरआई**
  - निम्नांकित के लिए स्कूल दौरे का आयोजन किया गया-
    - दिनांक 13/06/2025 को बंसल इंस्टिट्यूट ऑफ रिसर्च टेक्नोलॉजी एंड साइंस, भोपाल के लिए ।
    - केंद्रीय विद्यालय नंबर 01, केंद्रीय विद्यालय नंबर 02, केंद्रीय विद्यालय नंबर 03, और बंसल इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, भोपाल के लिए ।
- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
  - दिनांक 06/06/2025 को स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम (सीएसआईआर 800) का आयोजन किया गया; इसमें 220 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
  - दिनांक 24/06/2025 को डॉ. राजेंद्र प्रसाद कॉलेज ऑफ फार्मेसी, तिवारीपुर, उत्तर प्रदेश के लिए छात्र-वैज्ञानिक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया; इसमें 55 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- **सीएसआईआर-सीरी**
  - धीरूभाई अंबानी यूनिवर्सिटी (डीएयू), गांधी नगर, गुजरात के लिए शिल्प (सेमीकंडक्टर हाई इम्पैक्ट लर्निंग प्रोग्राम) का आयोजन किया ।
  - सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन और आईओटी (IoT) पर बिट्स पिलानी के लिए बूट कैंप कार्यक्रम का आयोजन किया गया; इसमें 89 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- **सीएसआईआर-सीएफटीआरआई**
  - कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित
    - 09-13/06/2025 के दौरान मसालों के लिए विश्लेषणात्मक तकनीकें; 06 प्रतिभागी।
    - 11-13/06/2025 के दौरान बाजरा उत्पाद; 07 प्रतिभागी।
    - 16-20/06/2025 के दौरान न्यूट्री-अनाज प्रक्रिया और उत्पाद प्रौद्योगिकी; 30 प्रतिभागी।
    - 23-25/06/2025 और 30/06/2025-02/07/2025 के दौरान शेल्फ लाइफ और खाद्य सुरक्षा के विस्तार में थर्मल प्रसंस्करण अनुप्रयोगों के लिए पैकेजिंग प्रौद्योगिकी की अनिवार्यता; क्रमशः 39 और 30 प्रतिभागी।
    - 27/06/2025 को खाद्य और पेय पदार्थ क्षेत्र में स्टार्ट-अप के लिए नेटवर्क बैठकें; 10 प्रतिभागी।
- **सीएसआईआर-सीजीसीआरआई**
  - कमरहाटी नजरूल मंच, पश्चिम बंगाल और विवेकानंद संस्थान, हावड़ा के लिए 18/06/2025 और 26/06/2025 को स्कूल दौरे का आयोजन किया गया; क्रमशः 450 और 310 प्रतिभागी।
- **सीएसआईआर-सीमैप**
  - एमएपी की खेती, प्रसंस्करण और विपणन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
    - पूर्वी चंपारण, बिहार में 03/06/2025 और 04/06/2025 को क्रमशः 48 और 23 प्रतिभागी।
    - सीतामढी , बिहार; 19 प्रतिभागी।
    - मरकाटोला , छत्तीसगढ़ दिनांक 05/06/2025; 71 प्रतिभागी।
    - निलजी, जिला- कोंडागांव , छत्तीसगढ़ दिनांक 06/06/2025; 30 प्रतिभागी।
    - कसडोल नवागांव , छत्तीसगढ़ दिनांक 08/06/2025; 65 प्रतिभागी।
    - 11/06/2025 को धुले, महाराष्ट्र; 50 प्रतिभागी।

- फाइटोफार्मास्युटिकल मिशन के तहत करकुमा अमादा की खेती पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
    - देमुदवल्सा , अल्लूरी सीतारमा राजू, आंध्र प्रदेश 16/06/2025; 30 प्रतिभागी।
    - 22/06/2025 को मसूरी, उत्तराखंड ; 40 प्रतिभागी।
- 24-27/06/2025 के दौरान आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण औषधीय और सुगंधित पौधों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया ; 67 प्रतिभागी।
- बाराबंकी में चढ़ावे के फूलों से अगरबत्ती बनाने पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया ; क्रमशः 42 और 90 प्रतिभागी।

- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
    - विषय पर प्रशिक्षण आयोजित
        - क्षेत्रीय केंद्र, अहमदाबाद में चमड़े की वस्तुएं बनाना।
        - 09-23/06/2025 के दौरान क्षेत्रीय केंद्र, कोलकाता में चमड़े के सामान में डिजाइन और विकास।
- **सीएसआईआर-सीएमईआरआई**
    - 11-13/06/2025 के दौरान "एकीकृत नगरपालिका ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली" पर कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
    - गलगोटिआ विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा के लिए वैज्ञानिक छात्र संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।
    - 02-06/06/2025 के दौरान त्रिपुरा, अगरतला के इंजीनियरों, आरटीओ, अधिकारियों के लिए सड़क सुरक्षा ऑडिट और संबद्ध सुरक्षा पहलुओं पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- **सीएसआईआर-सीएसआईओ**
    - 06/06/2025 को सीएचडी गर्ल्स बटालियन एनसीसी, सेक्टर 31, चंडीगढ़ के लिए लैब विजिट का आयोजन ; 99 प्रतिभागी।

- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
    - दिनांक 21/06/2025 को हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति के आदिवासी गाँव खंगसर में औषधीय और सुगंधित पादपों (एमएपी) पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया; इसमें 15 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- **सीएसआईआर-आईआईसीबी**
    - 16-27/06/2025 के दौरान अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला-उन्मुख पाठ्यक्रम संबंधी कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया; इसमें 82 प्रतिभागियों ने भाग लिय ।
    - दिनांक 30/06/2025 से 01/07/2025 के दौरान शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- **सीएसआईआर-आईआईपी**
    - दिनांक 16-27/06/2025 के दौरान मौलिक, सूक्ष्म और ताप-गुरुत्वाकर्षण उपकरणों के साथ विश्लेषण पर कौशल विकास प्रशिक्षण आयोजित किया गया; 17 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
    - दिनांक 12/06/2025 को आर्मी पब्लिक स्कूल, मीरपुर, जम्मू और कश्मीर का लैब विजिट किया गया।
- **सीएसआईआर-एनएएल**
    - दिनांक 20/06/2025 को शास्त्र प्रतिभा के छात्रों के लिए लैब विजिट किया गया ।
- **सीएसआईआर-एनसीएल**
    - निम्न के लिए लैब विजिट किया गया-
    - दिनांक 12/06/2025 को विक्रम साराभाई साइंस फाउंडेशन (वीएसएसएफ), कोच्चि के लिए; इसमें 71 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।

- दिनांक 23/06/2025 को विज्ञान भारती पश्चिम, महाराष्ट्र के लिए, इसमें 13 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।

- **सीएसआईआर-नीरी**
  - निम्न के लिए लैब विजिट किया गया-
    - दिनांक 12/06/2025 को वीवीएसपीएम माधुरीबाई देशमुख नर्सिंग शिक्षा संस्थान के लिए ।
    - भारतीय प्रबंधन संस्थान, नागपुर ।
    - इंस्टिट्यूट ऑफ द एसोसिएशन ऑफ इंजीनियर्स ।
  - 23-24/06/2025 को गुणवत्ता प्रबंधन प्रणालियों पर जागरूकता, प्रलेखन और आंतरिक लेखा परीक्षा पाठ्यक्रम के लिए विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया ।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
  - निम्न पर कौशल विकास प्रशिक्षण आयोजित किया गया
    - दिनांक 16-27/06/2025 के दौरान सामग्री अभिलक्षणन हेतु सूक्ष्म एवं विवर्तन तकनीकों पर ।
    - दिनांक 24/06/2025 को मूल्य संवर्धन हेतु खाद्य/कृषि प्रसंस्करण; इसमें 34 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
  - दिनांक 20/06/2025 को मुक्त दिवस आयोजित किया गया ।
- **सीएसआईआर-एनएमएल**
  - तारापुर स्कूल, जमशेदपुर का दौरा किया; इसमें 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- **सीएसआईआर-एनपीएल**
  - 18-20/06/2025 के दौरान सामग्री विश्लेषण हेतु उन्नत उपकरणन तकनीकों पर विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया; इस कार्यक्रम में 17 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- **सीएसआईआर-एसईआरसी**
  - 25-27/06/2025 के दौरान ग्रेटर चेन्नई कॉर्पोरेशन स्कूलों के लिए कार्यशाला आयोजित की ।

**सम्मेलन,कार्यशालाएँ, प्रमुख कार्यक्रम**

- **सीएसआईआर-मुख्यालय**
  - दिनांक 27/06/2025 को प्रो. आर. आर. सोंडे, पूर्व सीटीओ और सदस्य, कार्यकारी परिषद बोर्ड, थर्मैक्स लिमिटेड, पूर्व कार्यकारी निदेशक-एनटीपीसी लिमिटेड, उत्कृष्ट वैज्ञानिक, भारतीय परमाणु ऊर्जा आयोग द्वारा "डिसरप्टिव नवाचार और परिपक्वता स्केलिंग: 2047 के लिए प्रौद्योगिकी, नीति और आर्थिक मार्ग" पर अमृत व्याख्यान आयोजित किया गया ।
  - दिनांक 18/06/2025 को प्रोफेसर वी. रामगोपाल राव, आईईईई, टीडब्ल्यूएएस, आईएनएई, आईएएससी, आईएनएसए, एनएएसआई ग्रुप के फेलो, बिट्स पिलानी इंस्टीट्यूशंस के कुलपति और आईआईटी दिल्ली के पूर्व निदेशक द्वारा "विवेक युक्त विज्ञान: नवाचार में अखंडता को बढ़ावा देना" पर एसईसी व्याख्यान आयोजित किया गया ।
  - दिनांक 20/01/2025 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया ।
  - दिनांक 14/06/2025 को विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान किया गया ।
  - सीएसआईआर ने निम्न कार्यक्रमों में सहभागिता की
    - 11-13/06/2025 के दौरान बेगम, कर्नाटक में विज़न कर्नाटक 2025 ।
    - 16-20/06/2025 के दौरान गोल्डन सी बीच, पुरी में 11वां कृषि मेला-2025 ।
    - 17-20/06/2025 के दौरान भारत मंडपम, नई दिल्ली में प्लास्टिक की पुनर्चक्रण और स्थिरता पर वैश्विक सम्मेलन ।
    - 21-23/06/2025 के दौरान प्रगति मैदान, नई दिल्ली में सरकारी उपलब्धि और स्कीम एक्सपो-2025 ।
- **सीएसआईआर-एएमपीआरआई**

- दिनांक 05/06/2025 को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया ।
  - दिनांक 17-20/06/2025 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया ।
  - दिनांक 05/06/2025 को फेनोम इंडिया-सीएसआईआर हेल्थ कोहोर्ट नॉलेजबेस परियोजना के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- **सीएसआईआर-सीबीआरआई**
  - 23-27/06/2025 के दौरान उत्तर-पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र से व्युत्पन्न कम लागत वाली निर्माण तकनीकों पर कार्यशाला आयोजित की गई ।
- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
  - दिनांक 14/06/2025 को अणु से औषधि तक: औषधि नवाचार के विज्ञान की खोज, विकास और वितरण पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई ।
  - दिनांक 26/06/2025 को एमएसएमई को सशक्त बनाने में सीआरटीडीएच की भूमिका: सूत्रण विकास में नियामक चुनौतियों का समाधान पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई ।
  - दिनांक 18/06/2025 को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने के लिए 1.2 मेगावाट रूफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्र और 500 किलोग्राम/दिन जैव खाद उत्पादन संयंत्र का शुभारंभ किया गया ।
  - दिनांक 27/06/2025 को प्रीक्लिनिकल इनोवेशन और नियामक अभ्यास पर संगोष्ठी आयोजित की गई ।
- **सीएसआईआर-सीजीसीआरआई**
  - दिनांक 13/06/2025 को 2025 में वाणिज्यिक सम्मेलन आयोजित किया गया ।
  - दिनांक 24/06/2025 को प्लेटिनम जयंती समारोह के दौरान प्रो. बिमान बी. मंडल, आईआईटी गुवाहाटी द्वारा व्याख्यान दिया गया ।
- **सीएसआईआर-सीएलआरआई**
  - प्लास्टिक प्रदूषण से निपटना: पर्यावरणीय और प्रौद्योगिकीय परिप्रेक्ष्य पर एलआईटी विश्वविद्यालय, नागपुर के कुलपति डॉ. अतुल नारायण वैद्य द्वारा व्याख्यान दिया गया ।
  - दिनांक 04/06/2025 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस और विश्व पर्यावरण दिवस 2025 मनाया गया ।
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
  - दिनांक 18/06/2025 को बिटुमेन इमल्शन (आईसीबीई)-2025 पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया ।
  - दिनांक 12/06/2025 को असुरक्षित सड़क प्रयोक्ताओं (वीआरयू) और सड़क सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन संवाद-2025 आयोजित किया गया ।
  - दिनांक 21/06/2025 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025 मनाया गया ।
- **सीएसआईआर-आईएचबीटी**
  - दिनांक 21/06/2025 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया ।
  - दिनांक 05/06/2025 को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया ।
  - दिनांक 20-23/06/2025 को फेनोम इंडिया-सीएसआईआर हेल्थ कोहोर्ट नॉलेजबेस परियोजना के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया ।
- **सीएसआईआर-आईआईसीबी**
  - दिनांक 05/06/2025 को रेडियोधर्मी स्रोतों पर कार्य करते समय अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों पर कार्यशाला आयोजित की गई ।
- **सीएसआईआर-आईआईसीटी**
  - दिनांक 12/06/2025 को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने के लिए संधारणीय खेती पर कार्यशाला आयोजित की गई । इस कार्यशाला में अपशिष्ट से बायोगैस और फेरोमोन-आधारित कीट नियंत्रण जैसी पर्यावरणानुकूल प्रौद्योगिकियां प्रदर्शित की गयीं; इसमें 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।

- दिनांक 13/06/2025 को ऊर्जा संसाधनों में संधारणीयता पर प्रोफेसर सुनील एस. भागवत द्वारा डॉ. पी.एस. मूर्ति स्मृति व्याख्यान दिया गया ।
- दिनांक 24/06/2025 को मल्टीस्केल मॉडलिंग और हाई-थ्रो पुट स्क्रीनिंग का उपयोग करते हुए प्रतिक्रिया वातावरण के प्रारंभिक डिज़ाइन पर डॉ. रंगा रोहित श्रीमकुर्थी द्वारा व्याख्यान दिया गया ।

- **सीएसआईआर-आईआईआईएम**
  - भद्रवाह में तीसरा लैवेंडर महोत्सव आयोजित किया गया ।
- **सीएसआईआर-आईआईटीआर**
  - दिनांक 25/06/2025 को सूक्ष्मजीव, प्रतिरोध और उपचार: एक लचीले भविष्य के लिए पर्यावरणीय परिप्रेक्ष्य पर लघु संगोष्ठी आयोजित की गयी।
  - आरएमएलआईएमएस, लखनऊ की प्रोफेसर ज्योत्सना अग्रवाल द्वारा "कीट बनाम औषधियाँ: एक शाश्वत युद्ध" पर व्याख्यान दिया गया जिसमें रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एएमआर) के महत्वपूर्ण मुद्दे पर गहन चर्चा की गई ।
  - दिनांक 16-17/06/2025 के दौरान अनुप्रयुक्त सूक्ष्म जीव विज्ञान में आवश्यक आणविक तकनीकों पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया; 22 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- **सीएसआईआर-एनएएल**
  - दिनांक 05/06/2025 को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया ।
- **सीएसआईआर-एनजीआरआई**
  - 18-20/06/2025 को सतह के नीचे की ओर: भूविज्ञान में नवाचार पर संगोष्ठी आयोजित की गयी ।
- **सीएसआईआर-एनआईआईएसटी**
  - निम्न पर हीरक जयंती आयोजित की गई
    - दिनांक 04/06/2025 को पर्यावरण प्रबंधन के लिए संधारणीय समाधान पर ।
    - दिनांक 13/06/2025 को अगली पीढ़ी की खाद्य प्रौद्योगिकियाँ: एक सतत कल के लिए प्रसंस्करण पर ।
    - दिनांक 26-27/06/2025 को कार्बनिक और पदार्थ रसायन विज्ञान में प्रगति पर ।
  - दिनांक 21/06/2025 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 मनाया गया ।
- **सीएसआईआर-एनएमएल**
  - दिनांक 25/06/2025 को टाटा स्टील लिमिटेड के ग्लोबल सीईओ और एमडी श्री टी वी नरेंद्रन द्वारा 4वां प्लेटिनम जुबली व्याख्यान आयोजित किया गया ।
- **सीएसआईआर-एनपीएल**
  - दिनांक 16/06/2025 को डॉ. के.एस. कृष्णन स्मृति व्याख्यान का आयोजन ।
  - दिनांक 16/06/2025 को अंतर्राष्ट्रीय क्वांटम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी वर्ष 2025 मनाने के लिए क्वांटम मेट्रोलॉजी, सामग्री एवं प्रौद्योगिकियों पर कार्यशाला का आयोजन ।
- **सीएसआईआर-एसईआरसी**
  - दिनांक 10/06/2025 को संस्थान की हीरक जयंती मनाने के लिए स्टेकहोल्डर कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन ।

**उच्चस्तरीय गणमान्य व्यक्तियों का दौरा**

- **सीएसआईआर-सीबीआरआई**
  - दिनांक 28/06/2025 को डॉ. एम. रविचंद्रन, सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एमओईएस), भारत सरकार ने संस्थान का दौरा किया ।

- **सीएसआईआर-सीडीआरआई**
  - डॉ. रंजीव सिंह रघुवंशी, डीसीजीआई, दिनांक 26/06/2025 को एमएसएमई को सशक्त बनाने में सीआरटीडीएच की भूमिका: फॉर्मूलेशन विकास में नियामक चुनौतियों का समाधान विषय पर व्याख्यान देने के लिए आए ।
  - दिनांक 27/06/2025 को प्रीक्लिनिकल इनोवेशन और नियामक अभ्यास नामक एक दिवसीय संगोष्ठी में माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के सलाहकार डॉ. जी.एन. सिंह और पूर्व डीसीजीआई मुख्य अतिथि के रूप में आए ।
- **सीएसआईआर-सीआरआरआई**
  - दिनांक 27/06/2025 को निदेशक और वैज्ञानिक के साथ परस्पर बातचीत करने के लिए प्रो. आर.आर. सोंडे, पूर्व सीटीओ और कार्यकारी परिषद के सदस्य, थर्मैक्स लिमिटेड, पूर्व कार्यकारी निदेशक-एनटीपीसी लिमिटेड, उत्कृष्ट वैज्ञानिक, परमाणु ऊर्जा आयोग, भारत ने संस्थान का दौरा किया ।
- **सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई**
  - डॉ. टेरेसिटा तबाओग – निदेशक, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, क्षेत्र 1, फिलीपींस और डॉ. एल्बर्ट गलास – अध्यक्ष, पंगासिनन स्टेट यूनिवर्सिटी, फिलीपींस ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ संस्थान का दौरा किया ।
  - डॉ. एन. सुब्बैयन, आईएएस, सचिव, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन एवं मछुआरा कल्याण विभाग (तमिलनाडु) और श्री सिमरनजीत सिंह कहलों, आईएएस, रामनाथपुरम ने मार्स मंडपम समुद्री शैवाल फार्म का दौरा किया।
- **सीएसआईआर-आईआईआईएम**
  - डॉ. जितेंद्र सिंह, केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री तथा उपाध्यक्ष, सीएसआईआर ने भद्रवाह में आयोजित लैवेंडर महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में दौरा किया ।
- **सीएसआईआर-आईआईटीआर**
  - दिनांक 05/06/2025 को पद्मश्री डॉ. सी. एन. मंजूनाथ, प्रसिद्ध वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ और सांसद, बेंगलुरु ग्रामीण ने विश्व पर्यावरण दिवस-2025 के लिए संस्थान का दौरा किया ।
- **सीएसआईआर-एनपीएल**
  - प्रो. टी. रामासामी (पूर्व सचिव, भारत सरकार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) ने दिनांक 10/06/2025 को अंतर्राष्ट्रीय क्वांटम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी वर्ष 2025 समारोह के लिए संस्थान का दौरा किया ।
  - प्रो. जी. भास्करन (आईआईटी मद्रास, सैद्धांतिक भौतिकी एवं गणित विज्ञान का अग्रणी संस्थान) ने दिनांक 16/06/2025 को सीएसआईआर-एनपीएल में डॉ. के.एस. कृष्णन स्मृति व्याख्यान के लिए संस्थान का दौरा किया ।

**सम्मान/पुरस्कार**

- **सीएसआईआर-सीसीएमबी**
  - डॉ मंजुला रेड्डी को यूनिवर्सिटी ऑफ टूलोज़ से 'डॉक्टर ऑनरिस कोसा' प्राप्त हुआ ।
  - डॉ. अमिताभ चट्टोपाध्याय को 'स्प्रिंगर नेचर एडिटर ऑफ डिस्टिंक्शन अवार्ड 2025' प्राप्त हुआ ।
- **सीएसआईआर-एनजीआरआई**
  - संस्थान को "एसईजी स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप अवार्ड" प्राप्त हुआ
- **सीएसआईआर-एसईआरसी**

- डॉ. एन. आनंदवल्ली, मुख्य वैज्ञानिक एवं निदेशक को अकादमिक और अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में आईएनएसए महिला एसोसिएट्स के लिए "संस्थापक सदस्य" के रूप में नामित किया गया ।
- मुख्य वैज्ञानिक डॉ. ए. रामचन्द्र मूर्ति को अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी में "टीएएनएसए 2022" पुरस्कार प्राप्त हुआ ।

## विभाग का कार्यकलाप

डीएसआईआर, कॉर्पोरेट कंपनियों, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान संगठनों (एसआईआरओ) द्वारा स्थापित आंतरिक अनुसंधान एवं विकास इकाइयों को मान्यता प्रदान करने और अस्पतालों के अलावा विश्वविद्यालयों, आईआईटी, आईआईएससी , क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कॉलेजों (आरईसी) जैसे सार्वजनिक वित्त पोषित अनुसंधान संस्थानों को पंजीकरण प्रदान करने वाला एक नोडल विभाग है। डीएसआईआर द्वारा मान्यता प्राप्त अनुसंधान एवं विकास इकाइयाँ उद्योग द्वारा किए गए अनुसंधान एवं विकास व्यय पर सीमा शुल्क और भारित कर कटौती के लिए पात्र हैं।

## औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास संवर्धन कार्यक्रम (आईआरडीपीपी)

### उद्योग में आंतरिक अनुसंधान एवं विकास की मान्यता/पंजीकरण और नवीनीकरण

- उद्योगों की 111 आंतरिक अनुसंधान एवं विकास इकाइयों को मान्यता का नवीकरण और पंजीकरण प्रमाणपत्रों का नवीकरण प्रदान किया गया।

### वैज्ञानिक और औद्योगिक संगठन (एसआईआरओ)

- 5 एसआईआरओ को मान्यता प्रदान की गई तथा 2 एसआईआरओ को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### सार्वजनिक वित्त पोषित अनुसंधान संस्थान (पीएफआरआई)

- 3 पीएफआरआई को पंजीकरण प्रमाणपत्र का नवीकरण प्रदान किया गया।

**डीएसआईआर केंद्रीय क्षेत्र योजना 'औद्योगिक अनुसंधान और विकास (आईआरडी)'** में चार उप-योजनाएं अर्थात (i) व्यक्तियों, स्टार्ट-अप और एमएसएमई (पीआरआईएसएम) में नवाचारों को बढ़ावा देना, जिसमें नवीन विचारों को प्रदर्शन योग्य कार्यशील मॉडल/प्रोटोटाइप/प्रक्रियाओं में परिवर्तित करने के लिए स्वतंत्र नवप्रवर्तकों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है जो नए या बेहतर उत्पादों, प्रक्रियाओं या सेवाओं का रूप ले सकते हैं; और उन्हें इनक्यूबेटी /टेक्नो-उद्यमी बनने में सहायता प्रदान करना, (ii) पेटेंट अधिग्रहण और सहयोगात्मक अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास (पीएसीई), जिसमें नवीन प्रौद्योगिकियों के विकास और प्रदर्शन के लिए उद्योगों और संस्थानों को सहायता प्रदान की जाएगी, (iii) औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास और सामान्य अनुसंधान सुविधाओं का निर्माण (बीआईआरडी), जिसमें उद्यमियों और उद्योगों द्वारा उपयोग के लिए सामान्य अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास केंद्रों (सीआरटीडीएच) के निर्माण के लिए सहायता प्रदान की जाएगी और (iv) प्रौद्योगिकी विकास और प्रसार के लिए ज्ञान तक पहुंच (ए2के+) जिसमें औद्योगिक अनुसंधान के आगामी क्षेत्रों में अध्ययन और सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, इसके अलावा महिलाओं के लिए प्रौद्योगिकी विकास और उपयोग कार्यक्रम (टीडीयूपीडब्ल्यू) शुरू किया जाना शामिल है।

### व्यक्तियों, स्टार्ट-अप्स और एमएसएमई में नवाचार को बढ़ावा देना (प्रिज्म):

निम्नलिखित पांच परियोजनाएं सफलतापूर्वक पूरी की गईं:

- नारियल प्रसंस्करण उद्योगों और नारियल के पेड़ पर चढ़ने वाले रोबोटों के लिए एआई का उपयोग करके गैर-विनाशकारी नारियल परिपक्वता वर्गीकरण
- आँख के पिछले हिस्से में चिकित्सीय दवाओं के लक्षित वितरण के लिए पॉलीमेरिक माइक्रोनीडल उपकरण का विकास किया गया"
- रेडियो आवृत्ति ऊर्जा संचयन
- हरित वायरलेस प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य सेवा के लिए उच्च डेटा दर दृश्य प्रकाश संचार प्रणाली का विकास
- लोरा और विज़न नोड ने मछली तालाबों की वास्तविक समय निगरानी और नियंत्रण के लिए आईओटी नेटवर्क की सहायता की।

**एट्के + इवेंट:**

28वीं बैठक 10 जून 2025 को एक वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित की गई। भारत भर के विभिन्न अनुसंधान , शैक्षणिक और उद्योग संघों से प्राप्त 13 प्रस्तावों पर चर्चा की गई और आंशिक वित्तीय सहायता के लिए 5 आयोजनों की सिफारिश की गई।

**एट्के + अध्ययन:**

माह के दौरान निम्नलिखित चल रहे अध्ययनों की समीक्षा की गई:

- कृषि में एआई-संचालित समाधान: रुझान, चुनौतियाँ और संभावनाएँ" पर अध्ययन सी-डैक, मोहाली को सौंपा गया। यह अध्ययन कृषि के लिए समाधान प्रदान करने में एआई के रुझान, चुनौतियों और संभावनाओं पर केंद्रित है।
- उपचार के लिए झिल्ली के स्वदेशी विकास पर अनुसंधान " पर अध्ययन "रीसायकल और पुनः उपयोग" पुरस्कार टेरी, नई दिल्ली को प्रदान किया गया । यह अध्ययन सीवेज उपचार हेतु झिल्लियों के स्वदेशी विकास पर शोध और चुनौतियों पर केंद्रित है ताकि इसके रीसायकल और पुनः उपयोग को बढ़ावा दिया जा सके ।

**महिलाओं के लिए प्रौद्योगिकी विकास और उपयोग कार्यक्रम - टीडीयूपीडब्ल्यू / एट्के +:**

इस माह में निम्नलिखित चार चालू परियोजनाओं की समीक्षा की गई:

- कौशल उपग्रह केंद्र की स्थापना करके झारखंड के सरायकेल जिले के कुचाई ब्लॉक की आदिवासी महिलाओं के लिए स्थायी आजीविका के अवसर पैदा करना " को दीपक फाउंडेशन, वडोदरा द्वारा समर्थित किया गया ।
- टीडीयूपीडब्ल्यू परियोजना, जिसका शीर्षक है "विभिन्न रेशम उत्पादन क्षेत्रों में महिला उद्यमियों का विकास: विरुधुनगर जिले और उसके आसपास महिला सशक्तिकरण हेतु क्लस्टर-स्तरीय सतत प्रशिक्षण विकसित करने हेतु उपलब्ध तकनीकी रणनीतियाँ", कलासलिंगम अनुसंधान एवं शिक्षा अकादमी, कृष्णनकोइल, तमिलनाडु द्वारा समर्थित है। इस परियोजना के अंतर्गत, 388 महिला लाभार्थियों को शहतूत की खेती और प्रबंधन, उच्च गुणवत्ता वाले कोकून उत्पादन, कोकून शिल्प निर्माण और विपणन सहित विभिन्न मॉड्यूल में प्रशिक्षण दिया गया, जिससे उन्हें रेशम उत्पादन और उद्यमिता में आवश्यक कौशल प्राप्त हुए।

- टीडीयूपीडब्ल्यू परियोजना, जिसका शीर्षक है "शरीफा और बेर के फलों की कटाई के बाद देखभाल और मूल्य संवर्धन पर प्रशिक्षण के तकनीकी हस्तक्षेप के माध्यम से आदिवासी और ग्रामीण महिलाओं की आजीविका में वृद्धि", आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली द्वारा समर्थित है। इस परियोजना के अंतर्गत, 450 महिला लाभार्थियों को विभिन्न इकाई कार्यों जैसे कि परिपक्वता की पहचान, कटाई, छंटाई-श्रेणीकरण, और पैकेजिंग के उपयोग से लाभान्वित किया गया ।

- टीडीयूपीडब्ल्यू परियोजना, जिसका शीर्षक "कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ और उडुपी जिलों में महिला बुनकर समुदाय का सामाजिक-आर्थिक विकास" है, को सह्याद्री कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, मैंगलोर द्वारा सहायता प्रदान की गई। इस परियोजना के अंतर्गत, 115 महिला लाभार्थियों को हथकरघा निर्माण हेतु करघों की नई उन्नत तकनीक का प्रशिक्षण दिया गया ।

डीएसआईआर के आईआरडी कार्यक्रम के टीडीयूपीडब्ल्यू / ए2के+ उप-योजना के तहत सहायता प्राप्त विभिन्न चल रहे परियोजनाओं के तहत जून 2025 में लगभग 224 महिला लाभार्थियों को रेशम उत्पादन, जलीय कृषि, खाद्य समृद्धि और प्रसंस्करण, तत्पर खाने की तैयारी और पैकेजिंग, पेपर रिसाइक्लिंग, हस्तशिल्प/हाथ बुनाई, कृषि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रशिक्षित किया गया।

**एशियाई एवं प्रशांत प्रौद्योगिकी हस्तांतरण केंद्र (एपीसीटीटी):**

डीएसआईआर ने रिपोर्ट, कार्यवाही का मसौदा विवरण और अपनाए गए प्रस्तावों पर टिप्पणियां भेजीं: एशिया और प्रशांत के लिए आर्थिक और सामाजिक आयोग का 81वां सत्र, 21 से 25 अप्रैल, 2025 तक आयोजित किया गया।

**<u>सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम</u>**

**सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल)**

सीईएल, डीएसआईआर के अंतर्गत एक उद्यम है जिसका उद्देश्य देश में राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और अनुसंधान एवं विकास संस्थानों द्वारा विकसित स्वदेशी तकनीकों का व्यावसायिक उपयोग करना है। सीईएल ने अपने स्वयं के अनुसंधान एवं विकास प्रयासों के माध्यम से कई उत्पाद विकसित किए हैं और सौर फोटोवोल्टिक प्रणालियों, रेलवे के लिए इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और अन्य रणनीतिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों/घटकों के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका पर ज़ोर देता रहा है।

- कंपनी ने माह के दौरान 1240.12 लाख रुपये मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण/प्रणालियां/एसपीवी उत्पाद निर्मित किए।
- माह के दौरान 1460.39 लाख रुपये मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों/प्रणालियों/एसपीवी उत्पादों की बिक्री हुई।

**राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीसी)**

निगम ने अनुसंधान एवं विकास संस्थानों, विश्वविद्यालयों और उद्योग के साथ दीर्घकालिक संबंधों को पोषित करके प्रौद्योगिकी संसाधन आधार को व्यापक और मजबूत बनाने पर जोर देता रहा है ।

- निगम ने व्यावसायीकरण के लिए “समुद्री स्पाइरुलिना से सी- फाइकोसाइनिन” पर मेसर्स वार्रे कॉर्पोरेट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, आंध्र प्रदेश को प्रौद्योगिकी का लाइसेंस प्रदान किया ।
- निगम ने प्रौद्योगिकी लाइसेंसिंग और आईपीआर सहायता प्रदान करने के लिए एपी एमएसएमई विकास निगम और क्राइस्ट यूनिवर्सिटी बैंगलोर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

*****